## महत्वपूर्ण एवं खास

### आंगनबाड़ी सहायिका पद के लिए 15 अक्टूबर तक मंगाए गए दावा-आपत्ति

**रायगढ़।** एकीकृत बाल विकास परियोजना रायगढ़ (ग्रामीण) अंतर्गत आंगनबाड़ी केन्द्र बंगलाडीपा सराईपाली वार्ड क्रमांक 43 में आंगनबाड़ी सहायिका के एक पद के लिए गत दिवस आवेदन मंगाए गए थे। प्राप्त आवेदनों के जांच उपरांत अनंतिम प्राविधिक सूची परियोजना कार्यालय के सूचना पटल पर चस्पा किया गया है। उक्त सूची के संबंध में किसी भी आवेदिका को कोई आपत्ति हो तो वे 15 अक्टूबर 2024 सायं 5.30 बजे तक लिखित में दावा-आपत्ति आवेदन परियोजना अधिकारी एकीकृत बाल विकास परियोजना रायगढ़ में जमा कर सकते है।

### जिले में 1111.6 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज

**रायगढ़।** चालू वर्षा मौसम में रायगढ़ जिले में 3 अक्टूबर तक 1111.6 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज की गई है। बीते 24 घंटे में जिले में 2.4 मिली मीटर औसत वर्षा हुई है। भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार अब तक जिले के रायगढ़ तहसील में 1387 मिली मीटर, पुसौर में 1209.9 खरसिया में 1057.3, घरघोड़ा में 1187.4, तमनार में 995.2, लैलूंगा में 1000.9, मुकडेगा में 1028.3, धरमजयगढ़ में 1001.5 छाल में 1081.8 एवं कापू में 1166.5 मिली मीटर वर्षा दर्ज की गई है।

### वित्तीय सहायता अनुदान राशि स्वीकृत

**रायगढ़।** रायगढ़ अनुविभाग अंतर्गत दो लोगों की सड़क दुर्घटना में हुई मृत्यु उपरांत एसडीएम रायगढ़ द्वारा तहसीलदार रायगढ़ के अनुशंसा पर परिवार के नजदीकी वारिसानों को 25-25 हजार रुपये की वित्तीय सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है। कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.)रायगढ़ से प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम-कसैया तहसील घरघोड़ा निवासी स्व.सुरेन्द्र राठिया की 1 जुलाई 2024 को सड़क दुर्घटना में मृत्यु होने पर उनकी पत्नी शांति राठिया को 25 हजार रुपये तथा ग्राम-कलमी तहसील व जिला-रायगढ़ निवासी स्व.परमानंद सिदार की 15 मार्च 2024 को सड़क दुर्घटना में मृत्यु होने पर उनके पिता भूपतिलाल को 25 हजार रुपये की वित्तीय सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है।

### सीजी टीईटी 2024 परीक्षा परिणाम जारी : व्यापम की वेबसाइट पर उपलब्ध

**सारंगढ़-बिलाईगढ़।** छत्तीसगढ़ शिक्षक पात्रता परीक्षा (सीजी टीईटी) 2024 अंतर्गत प्राथमिक (कक्षा 1 से 5 तक) और उच्च प्राथमिक (कक्षा 6 से 8 तक) के लिए छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल द्वारा परीक्षा आयोजित किया गया था। इसका परिणाम घोषित किया गया है, जो व्यापम की वेबसाइट https://vyapam.cgstate.gov.in/ व्यापम डॉट सीजीस्टेट डॉट जीओवी डॉट इन पर उपलब्ध है।

### 6 अक्टूबर को होगा प्रयोगशाला तकनीशियन और सहायक मार्शल भर्ती परीक्षा

**सारंगढ़-बिलाईगढ़।** छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल द्वारा आगामी 06 अक्टूबर रविवार को उच्च शिक्षा विभाग का प्रयोगशाला तकनीशियन और छत्तीसगढ़ विधानसभा का सहायक मार्शल भर्ती परीक्षा आयोजित किया जाएगा। इन दोनो परीक्षा के लिए प्रवेश पत्र व्यापम की वेबसाइट https://vyapam.cgstate.gov.in/ व्यापम डॉट सीजीस्टेट डॉट जीओवी डॉट इन पर उपलब्ध है। रायपुर के परीक्षा केंद्रों में प्रयोगशाला तकनीशियन की परीक्षा दोपहर 2 बजे से शाम 4.15 बजे तक आयोजित किया जाएगा।

# भारतीय मानक ब्यूरो द्वारा गुणवत्ता मानकों की जागरूकता के लिए निकाली गई रैली

- हॉलमार्क, आईएसआई मार्क, इलेक्ट्रॉनिक उत्पादों के पंजीकरण चिह्न और बीआईएस केयर मोबाइल एप्लीकेशन के बारे में दी गई जानकारी
- प्रतिवर्ष 14 अक्टूबर को मनाया जाता है विश्व मानक दिवस






**रायगढ़**

विश्व मानक दिवस के अवसर पर भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) द्वारा रायगढ़ जिला प्रशासन के सहयोग से आज भारत में प्रचलित गुणवत्ता मानकों की जागरूकता के लिए रैली निकाली गई, जिसमें 800 से अधिक छात्रों ने भाग लिया।

इस कार्यक्रम का उद्देश्य लोगों को गुणवत्ता मानकों के महत्व के बारे में जागरूक करना था। रैली को जी.के.गबेल प्राचार्य शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज रायगढ़ और सुमित कुमार निदेशक एवं प्रमुख रायपुर शाखा कार्यालय भारतीय मानक ब्यूरो ने चक्रधर नगर चौक से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया जो शहीद चौक में समाप्त हुई। कार्यक्रम के दौरान छात्रों ने लोगों को भारतीय मानक ब्यूरो के गुणवत्ता मानक चिन्हों के बारे में जागरूक किया। जिनमें सोने/चांदी की कलाकृतियों के लिए हॉलमार्क, आईएसआई मार्क, इलेक्ट्रॉनिक उत्पादों के लिए पंजीकरण चिन्ह और बीआईएस केयर मोबाइल एप्लीकेशन सहित उपभोक्ता सशक्तिकरण के लिए डिजिटल माध्यम के बारे में जानकारी दी।

उल्लेखनीय है कि मानकों के महत्व के बारे में जागरूकता पैदा करने के लिए हर साल 14 अक्टूबर को विश्व मानक दिवस मनाया जाता है। इस अवसर पर भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस), उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय, भारत सरकार देश में गुणवत्ता चेतना को बढ़ावा देने के उद्देश्य से बेहतर दुनिया के लिए साझा दृष्टिकोण की थीम पर विभिन्न जिलों में कई कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे है।

## 'मेरी पॉलिसी मेरे हाथ' के तहत बीमित कृषकों को किया गया पॉलिसी वितरण



**रायगढ़**

प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत खरीफ वर्ष 2024 में धान सिंचित व धान असिचिंत, मूँग, उड़द, मक्का, अरहर, मूँगफली फसलों का बीमा जिले के किसानों द्वारा कराया गया है। जिसके तहत आज कोड़तराई में मेरी पॉलिसी मेरे हाथ अभियान के तहत 17 कृषकों को पॉलिसी का प्रमाण पत्र वितरण किया गया। उपस्थित कृषकों में प्रकाश श्रीवास, परसुराम पटेल, रोहित पटेल, सेतराम पटेल, नत्थु राठिया, केदारनाथ यादव, परखीव पटेल, फुलेश्वर सिंदार, धनीराम पटेल, बाबुलाल साव, खेमलाल पटेल, पिताम्बर पटेल, मनोज पटेल, दिनबन्धु यादव, केशव राम पटेल, हरिराम पटेल, शनिलाल साहू व अन्य कृषक शामिल रहे।

उप संचालक कृषि हिंद भगत ने कृषकों को विभागीय योजनाओं, समसमायिक सलाह, कीट व्याधि में उपचार की जानकारी दी। इस दौरान वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी अभिषेक पटेल, ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी रंजीत सिंह सिंदार एवं भारतीय कृषि बीमा कंपनी से जिला समन्वयक संजीव कुमार साहू, ब्लॉक समन्वयक रायगढ़ भिखम साहू, ब्लॉक समन्वयक घरघोड़ा पुष्पेंद्र कुमार टंडन, ब्लॉक समन्वयक तमनार खिलेश्वर पटेल, ब्लॉक समन्वयक पुसौर सुकदेव जांगड़े उपस्थित रहे।

## खरसिया पुलिस ने धान चोरी के मामले में दो आरोपियों को किया गिरफ्तार, 12 बोरी धान बरामद

**रायगढ़**

खरसिया पुलिस ने गोदाम से धान बोरियों की चोरी करने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार कर रिमांड पर भेज दिया है। यह कार्रवाई शुभम राठौर की शिकायत पर की गई, जिन्होंने अपने पिता शिव कुमार राठौर के गोदाम से 10-12 बोरी धान चोरी होने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। गोदाम खरसिया के नवापारा रोड पर वनांचल केयर के सामने स्थित है।

रिपोर्टकर्ता शुभम राठौर ने बताया कि 30 सितंबर 2024 की रात करीब 9:00 बजे उन्होंने गोदाम में ताला लगाकर घर चले गए थे। अगले दिन सुबह जब वे गोदाम पहुंचे, तो देखा कि कोई अज्ञात व्यक्ति दीवार फांदकर और छत के रास्ते गोदाम से करीब 10-12 बोरी धान चोरी कर ले गया है।

शिकायत पर पुलिस ने अपराध क्रमांक 599/2024 के तहत धारा 331(4), 305, 3(5) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की। मामले की जांच के दौरान चौकी प्रभारी खरसिया, उप निरीक्षक संजय नाग ने रिपोर्टकर्ता और गवाहों से पूछताछ की और मुखबिरों को सक्रिय किया। मुखबिरों से मिली सूचना के आधार पर हरिजन मोहल्ला खरसिया के निवासी सत्यम सागर और अमन सागर को हिरासत में लिया गया। पूछताछ के दौरान दोनों आरोपियों ने चोरी की वारदात को अंजाम देने की बात स्वीकार की।

पुलिस ने आरोपियों सत्यम सागर और अमन सागर से 06-06 बोरी धान (कुल 480 किलोग्राम), जिसकी कीमत लगभग रु.10,000 है, बरामद कर जब्त की। चोरी के मामले में दो आरोपी होने के कारण भारतीय दंड संहिता की धारा 3(5) भी जोड़ी गई है। दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें रिमांड पर भेजा गया है।

**गिरफ्तार आरोपी :**

1. सत्यम सागर (उम्र 35 वर्ष), पिता स्वर्गीय दर्शनराम सागर, निवासी हरिजन मोहल्ला खरसिया।
2. अमन कुमार सागर (उम्र 22 वर्ष), पिता मनोज कुमार सागर, निवासी हरिजन मोहल्ला खरसिया।

**रायगढ़ पुलिस की सशक्त पहल**

## महिला सुरक्षा के लिए "शक्ति" टीम का किया गया गठन

**रायगढ़**



शारदीय नवरात्रि का पर्व से शुरू हो चुका है, और इस पावन अवसर पर पुलिस अधीक्षक दिव्यांग कुमार पटेल के दिशा निर्देशन पर रायगढ़ पुलिस ने महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए महिला रक्षा टीम के सदस्यों की एक विशेष टीम "शक्ति" का गठन किया है। यह टीम नवरात्रि के दौरान शहर के विभिन्न पूजा पंडालों और डांडिया कार्यक्रमों की सुरक्षा में तैनात रहेगी, ताकि महिलाएं बिना किसी चिंता के पर्व का आनंद ले सकें।

इस विशेष टीम की महिला सदस्यें पूजा स्थलों, डांडिया कार्यक्रमों और अन्य सार्वजनिक स्थानों पर पैनी नजर रखकर असामाजिक तत्वों के खिलाफ त्वरित कार्रवाई करेंगी। यह टीम छेड़खानी, अभद्रता या किसी भी प्रकार के अपराध की घटनाओं को रोकने के लिए तत्पर रहेगी। महिला सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए, टीम यह सुनिश्चित करेगी कि महिलाएं और बच्चियां बिना किसी डर के नवरात्रि के उत्सव का हिस्सा बन सकें। इसके अलावा, टीम महिलाओं की सहायता और मार्गदर्शन के लिए भी तत्पर रहेगी।

इस टीम के साथ पुलिस के पुरुष जवान भी रहेंगे जो महिला टीम को सहयोग देंगे, ताकि सुरक्षा और भी मजबूत हो सके। इनका मुख्य उद्देश्य यह सुनिश्चित करना होगा कि कोई भी असामाजिक तत्व त्योहार की शांति भंग न करे और हर जगह सुरक्षा का माहौल बना रहे।

रायगढ़ पुलिस ने जिलेवासियों और आयोजकों से अपील की है कि वे अपने कार्यक्रमों में वालंटियर तैनात करें, ताकि यातायात व्यवस्था सुचारू रूप से चल सके और किसी भी प्रकार की अव्यवस्था न हो। किसी भी प्रकार की समस्या या संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस कंट्रोल रूम, डॉयल 112 पर दें, ताकि त्वरित कार्रवाई हो सके।

इस टीम का नेतृत्व महिला सेल प्रभारी सहायक उप निरीक्षक मंजु मिश्रा कर रही हैं, जो अपने महिला स्टाफ के साथ हर समय सतर्क रहेंगी। रायगढ़ पुलिस ने यह सुनिश्चित किया है कि यह टीम देर रात तक सक्रिय रहेगी, जिससे महिलाओं को हर परिस्थिति में सुरक्षा का भरोसा मिल सके।

## स्पष्ट लक्ष्य के साथ कामयाब व्यक्तित्व विकास के लिए करें पढ़ाई- वित्त मंत्री

- वित्त मंत्री ओ.पी.चौधरी औचक निरीक्षण में पहुंचे पुसौर स्कूल
- प्रयोगशाला निर्माण के लिए 20 लाख एवं पुस्तकों के लिए 2 लाख रूपये की घोषणा
- प्रतियोगी परीक्षाओं एवं शासन की छात्रोंपयोगी योजनाओं से संबंधित कैरियर मार्गदर्शिका पुस्तक का किया वितरण



**रायगढ़**

वित्त मंत्री ओ.पी.चौधरी आज विकास खंड पुसौर शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के औचक निरीक्षण में पहुंचे। वित्त मंत्री चौधरी ने स्कूल का भ्रमण कर विद्यालय के मूलभुत सुविधाओं की जानकारी ली। यहां उन्होंने विद्यालय में प्रयोगशाला निर्माण के लिए 20 लाख रूपये तथा पुस्तकालय के पुस्तकों हेतु 2 लाख रुपये की घोषणा की।

वित्त मंत्री ओ.पी.चौधरी ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि यह चार से पांच साल आपके लिए महत्वपूर्ण है। अपने लिए स्पष्ट लक्ष्य बनाकर कामयाबी हासिल करने के लिए पढ़ाई करें, ताकि आपका भविष्य बन सके। उन्होंने कहा कि आज के दौर में काफी प्रतिस्पर्धा माहौल है, कभी निराश और हताश न होकर अपने लक्ष्य पर ध्यान दें। बड़ी सोच और रणनीति बनाकर पढ़ाई करें, तभी लक्ष्य की प्राप्ति होगी। आज भारत विकासशील से विकसित राष्ट्र की ओर अग्रसर हो रहा है। यहां अलग-अलग क्षेत्र में कैरियर के विभिन्न अवसर तैयार हो रहे है। आपको उस अवसर को प्राप्त करने के लिए तैयार होना होगा। उन्होंने प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारियों पर चर्चा कर करते हुए टिप्स के साथ ही कैरियर के विभिन्न विकल्प की जानकारी भी दी। उन्होंने विद्यार्थियों से अपने जीवन के संघर्ष एवं अनुभव भी साझा किए।

इस अवसर पर भरत षडंगी, विलीस गुप्ता, त्रिनाथ गुप्ता, मोहित सतपथी, संजय षडंगी, सुरेन्द्र जेना, घनश्याम पटेल, उमेश साव, रामेश्वर सारथी, अंशू साव, भोजराम मेहर, डी.के.पटेल, गौतम पंडा, विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी पुसौर ए.बी.केरकेट्टा, व्याख्याता आर.के.पटेल सहित पुसौर नगर पंचायत के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

**कैरियर मार्गदर्शिका का किया वितरण-** वित्त मंत्री ओ.पी.चौधरी ने उच्च शिक्षा, छात्रवृत्ति, शासकीय नौकरी के लिए आयोजित प्रतियोगी परीक्षाओं एवं शासन की छात्रोंपयोगी योजनाओं से संबंधित कैरियर मार्गदर्शिका पुस्तक का वितरण किया। उन्होंने कहा कि कैरियर मार्गदर्शिका आपको उच्च शिक्षा से संबंधित जिज्ञासा के साथ सामान्य ज्ञान को पूर्ण करने में सहायक होगी।

## छत्तीसगढ़ के स्कूलों में एससीईआरटी पाठ्य पुस्तक अनिवार्य करने की मांग

**रायपुर।** आरएनएस

छत्तीसगढ़ पाठ्य पुस्तक निगम की किताबें कबाड़ में मिल रही है। पाठ्य पुस्तक निगम से करोड़ों के घोटाले की खबरें प्रतिवर्ष आती है। पुस्तकों की छपाई, वितरण और स्कूलों में पढ़ाए जाने तक सब गोलमाल हो रहा है, लेकिन सरकार इस समस्या का ठोस उपाय नहीं कर पा रही है। छत्तीसगढ़ पैरेंट्स एसोसियेशन के प्रदेश अध्यक्ष क्रिष्टोफर पॉल का कहना है कि उनके द्वारा विगत दस वर्षो से यह मांग की जा रही है कि प्रदेश के सभी स्कूलों के कक्षा पहली से लेकर आठवीं तक सिर्फ एससीईआरटी की पाठ्य पुस्तक ही अनिवार्य कर दिया जाए, लेकिन सरकार ने आज पर्यन्त ऐसा कोई सख्त आदेश जारी नहीं किया, इसलिए छत्तीसगढ़ पाठ्य पुस्तक निगम की किताबें कबाड़ में मिल रही है, क्योंकि ज्यादातर प्राइवेट स्कूलों के द्वारा पाठ्य पुस्तक निगम की किताबों को लेते तो है, मगर प्राइवेट प्रकाशक की किताबों से अध्यापन कराया जा रहा है, और छत्तीसगढ़ पाठ्य पुस्तक निगम की किताबें कबाड़ में बिक जाती है, जबकि सीबीएसई ने अपने स्कूलों के लिए शैक्षणिक वर्ष 2024-25 से 9वीं से 12वीं तक के लिए एनसीईआरटी की पाठ्य पुस्तकों को जरूरी कर दिया है। बोर्ड ने पहली से आठवीं तक की कक्षाओं को एनसीईआरटी की किताबों का उपयोग करने की सख्त सलाह दी है। पॉल ने बताया कि, बोर्ड की संबद्धता कक्षा नवमीं से मान्य होता है और कक्षा पहली से लेकर कक्षा आठवीं तक स्कूल राज्य सरकार और जिला शिक्षा अधिकारी के अधिकार क्षेत्र में संचालित होते है, जिसका पूरा नियंत्रण राज्य और स्थानीय प्रशासन के पास होता है, तो राज्य को कक्षा पहली से लेकर आठवीं तक सभी स्कूलों में एससीईआरटी की पाठ्य पुस्तकों को अनिवार्य कर देना चाहिए, तो किताबें कबाड़ में नहीं मिलेगा, बल्कि इन किताबों से बच्चों को स्कूलों में पढ़ाया जाएगा।

# विधिक साक्षरता शिविर आयोजित

**रायगढ़**



छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय तथा छ.ग.राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के निर्देशानुसार,महात्मा गांधी के जन्म दिवस 2 अक्टूबर 2024 को स्वच्छ भारत दिवस के अवसर पर स्वच्छता ही सेवा-2024 कार्यक्रम का आयोजन जिला न्यायालय परिसर में किये जाने के साथ ही जितेन्द्र कुमार जैन, प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश रायगढ़ के मार्गदर्शन एवं उनकी अध्यक्षता में तथा देवेन्द्र कुमार साहू, मुख्य न्यायकि मजिस्ट्रेट एवं अंकिता मुदलियार सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रायगढ़ के नेतृत्व में 'नई उम्मीद घरौंदा आश्रम' में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें सर्वप्रथम महात्मा गांधी की फोटो परपुष्प, नारियल अर्पित कर दीप प्रज्वलन किया गया।

न्यायाधीशगणों का पुष्प गुच्छ से आश्रम की अधीक्षिका नेहा सिन्हा एवं संचालक मोहंती के द्वारा स्वागत सत्कार किया गया, जिसमें प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश के द्वारा अपने उद्बोधन में आश्रम के मानसिक रूप से कमजोर बच्चों को उनके अधिकारों और कर्तव्यों के बारे में जागरूक करने की आवश्यकता पर बल दिया एवं साफ-सफाई के बारे में कहते हुए उनके शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य के देखभाल, खान पान दिनचर्या व व्यवस्था के बारे में जानकारी ली गई। आयोजित शिविर में न्यायाधीशगण, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव, न्यायालयीन कर्मचारीगण एवं पैरालीगल वालिंटियर उपस्थित रहे।

स्वच्छता ही सेवा-2024 कार्यक्रम के अन्तर्गत जिला जेल परिसर में शिविर आयोजित कर परिसर को स्वच्छ रखने हेतु प्रोत्साहित किया गया तथा जेल मे निरूद्ध बंदियों के मध्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया तथा पुरस्कृत कर प्रमाण-पत्र वितरण किया गया।

## वृद्धजन दिवस के अवसर पर नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित

**रायगढ़**



अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस के अवसर पर 1 से 5 अक्टूबर तक वयोवृद्ध व्यक्तियों के चिकित्सकीय जांच, परीक्षण एवं उपचार के लिये स्वास्थ्य विभाग द्वारा नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में जिला स्तर पर किरोड़ीमल शासकीय जिला चिकित्सालय रायगढ़ में वृहद् रूप से नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया है। जिसमें बुजुर्गो का पीला कार्ड के द्वारा नि:शुल्क पंजीयन, स्क्रीनिंग कर उनकी देखभाल, चिकित्सकीय उपचार विशेषज्ञों चिकित्सकों द्वारा किया गया। बुजुर्गो की स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के बारे में जानकारी ली गई।

वृद्धावस्था में आमतौर पर दृष्टि में धुंधलापन, पढने में कठिनाई, पीठ और गर्दन में दर्द इत्यादि संबंधी समस्याएं पायी जाती है। आयोजित शिविर में कुल 166 स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। जिसमें आये हुए मरीजों में उच्च रक्तचाप मरीज के 18, डायबिटीज के साथ शूगर 14, दांत की समस्या वाले 20, बदन दर्द 4, त्वचा संबंधी 4, श्वास संबंधी-1 तथा अन्य 3 का चिकित्सकीय उपचार किया गया एवं 70 से 90 वर्ष के बीच में से 26 लोग लाभान्वित हुए। 67 वरिष्ठ लोगों का नेत्र परीक्षण किया गया साथ ही चिन्हित वृद्धजनों एवं मोतियाबिंद मरीजों का परीक्षण कर उपचार किया गया। शिविर में आये हुये वयोवृद्धों के लिये पानी, फल, बिस्किट का वितरण कर वृद्धावस्था में लिये जाने वाले पौष्टिक आहार संबंधी स्वास्थ्य शिक्षा प्रदाय किया गया। मौके पर जरूरतमंद वरिष्ठ लोगों में 13 लोगों को सहायक उपकरण छड़ी एवं 9 लोगों को वाकर प्रदाय किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.बी.के.चंद्रवंशी, जिला कार्यक्रम प्रबंधक रंजना पैंकरा, डॉ.उषा किरण भगत सिविल सर्जन जिला चिकित्सालय, डॉ.ए.के. कुशवाहा, डॉ.पी.एल. गुप्ता सहित अन्य डॉक्टर एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी-कर्मचारी एवं स्टॉफ उपस्थित रहे।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-२21359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com, RNI NO :- CHHHIN/2018/76480